2020/00209

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री नेमीचन्द जैन पुत्र श्री रायचन्द जाति जैन निवासी सिरोही रोड़ जिला सिरोही		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 11 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
07.08.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 03.02.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि पंचायत निगरानी सं. 7/2008 में पारित निर्णय दिनांक 03.11.2008 के पश्चात सम्पत्ति सीज करने का कोई आदेश पारित किया गया हो उसकी प्रमाणित प्रतिलिपी निगरानी प्रस्तुत करने की समयावधि एवं निगरानी के विरूद्ध प्रस्तुत अपील की समयावधि व पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत करने की समयावधि से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 03.02.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि पंचायत निगरानी सं. 7/2008 में पारित निर्णय दिनांक 03.11.2008 के पश्चात सम्पत्ति सीज करने का कोई आदेश पारित किया गया हो उसकी प्रमाणित प्रतिलिपी निगरानी प्रस्तुत करने की समयावधि एवं निगरानी के विरूद्ध प्रस्तुत अपील की समयावधि व पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत करने की समयावधि से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जाये। ए.डी.एम सिरोही द्वारा कार्यालय में उपलब्ध रेकर्ड के आधार पर पत्र सं. 914 दिनांक 07.02.2020 द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है। अत: अपीलांट की अपील अस्वीकार की जाती है। पत्रावली [illegible] होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	223-24 13/8/20

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:45:52 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner